Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-05-2022 | अंक 236

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही प्रखंड कार्यालय के बाहर वाटर ए टी एम सालो से बंद, सपना बना शुद्ध पानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में शुद्ध जल एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। गर्मी के दिनों में तो प्यास बुझाना मुश्किल हो जाता है। प्यास लगने पर शुद्ध वा शीतल जल पीने के लिए व्यक्ति को 10 से 20 रुपए तक खर्च पड़ते है। जिनके घर में आर ओ नही है, उनके समक्ष तो शुद्ध जल बड़ी समस्या है। दूषित जल पीकर लोग कई तरह की बीमारियों के चपेट में आ जाते है। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए राहगीरों के लिए लाखो की लागत से बरही प्रखंड कार्यालय के बाहर शुद्ध एवं शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए आर ओ वाटर ए टी एम लगाया गया था। लेकिन वाटर ए टी एम लगने के सालो बाद भी आज तक इसे चालू नही किया जा सका है। जिससे लोग इस भीषण गर्मी में शीतल जल पीने के लिए तरस जाते है। इस खराब पड़े वाटर ए टी एम की जानकारी बरही विधायक, एवं सभी अधिकारियों को है लेकिन किसी को कोई फर्क नही पड़ता है। और इसलिए भी नही फर्क पड़ता है क्योंकि अधिकारियों को पीने के लिए पानी उनके ऑफिस तक शीतल जल पहुंचा दिया जाता है, तो उन्हें राहगीरों की परेशानी से क्या मतलब है।

## बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के आवास, स्वास्थ केंद्र एवं आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण


**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी सी आर इंदवार ने गुरुवार को प्रखंड के मलकोको, पंचमाधव एवं करियातपुर पंचायत के विभिन्न गावों का दौरा किए। वहीं ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया एवं मौके पर ही लाभुको को कई दिशानिर्देश दिए। वहीं बीडीओ सी आर इंदवार ने बताया की निरीक्षण के दौरान कुछ लाभुको के कार्य प्रारंभिक स्तर पर है, कुछ लोग छत स्तर तक तो कुछ लोग खिड़की तक अपने आवास का कार्य करवा चुके हैं। साथ ही साथ उन्होंने सभी लाभुको को यथाशीघ्र भवन निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया है और कहा की इसमें किसी भी प्रकार के कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना ब्लॉक प्रखंड समन्वय अधिकारी कमलेश कुमार सिंह एवं गांव के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## तनाव में युवा हार रहे जिंदगी का जंग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



युवाओं में बढ़ता मानसि. कता तनाव इस दृष्टि से चिंताजनक है कई बार वह तनाव से मुक्ति पाने के लिए मौत को भी गले लगाने से नही चूकते। जरा सी नाराजगी, सहनशक्ति का आभाव, प्रेम में असफलता, नशे का सेवन, घरेलू कलह तथा भावनाओ में बहकर खुदकुशी जैसे कदम उठाना युवाओं में अब कोई नई बात नही रह गई है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में हर व्यक्ति को को. शिश होती है की वह किसी मुकाम तक पहुंचे। असफल होने पर कुंठा इस प्रकार हावी हो जाती है। कई मामले में बेरोजगारी, घरेलू कलह एवं गरीबी से परेशान होकर भी युवा आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते है। जो की आत्महत्या इस समस्या का हल नहीं है। परेशानियों का नाम ही जिंदगी है

रात के बाद उजाला यही जिंदगी का सच है। समाज को तनाव मुक्त बनाने के लिए माता पिता का यह दायित्व बनता है की बच्चो को उतना ही स्नेह ही दे जिसमे वह बिगड़े ना। इसके अलावा बच्चो की संगत पर भी विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। कई बार आपेक्षाओ पर खरा न उतरने पर छात्र आत्महत्या जैसा खतरनाक कदम उठा लेते है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में माता पिता की बच्चो के प्रति आपेक्षाए बढ़ी है जो की पूरी तरह से गलत है। माता पिता को भी समझना होगा की उन पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव बनाने से बेहतर होगा की बच्चे को अपना भविष्य स्वयं चुनने दे। कुछ वर्षो से विद्यार्थियों के सोच में काफी बदलाव आया है और अब वह केवल डॉक्टर वा इंजीनियर ही नही बनना चाहते है बल्कि उनका लक्ष्य इससे भी आगे है। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए उम्र कभी आड़े नहीं आती। ऐसे में युवा जिंदगी में असफल भी रहते है तो उनमें हीन भावना नहीं आनी चाहिए। सत प्रायसो से ही सफलता आपकी कदम चुनती है।

### बच्चो को फटकार नही प्यार चाहिए

ऐसे मामलो में अभिभावक अपने बच्चों को डांट फटकार नही बल्कि सहानुभूति और प्यार से समझाएं। घर का माहोल शांत बनाए । यदि बच्चे को पढ़ाई में दिक्कत आ रही है तो उसे नियमित बातचीत करे, साथ ही बच्चे पर नियमित नजर रखे। यदि वह अकेला रहना चाहता है या ठीक ढंग से खाना नही खा रहा है तो तुरंत उससे बात कर इसका कारण जानकर हल करे।

## अचीवर्स क्लासेस की ओर से निःशुल्क स्कॉलरशिप टेस्ट 29 मई को, बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष छूट

### स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में बैठक कर बनी रणनीति, ऑनलाइन पंजीयन आज से शुरू

### पंजीयन के लिए 1 ई0 अरबिंद ठाकुर मो 9955455935, प्रो सुनील कुमार दत्ता मो 8210858100, शशि भूषण मो 7004432442 संपर्क कर सकते हैं



बैठक में शामिल शिक्षाविद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

नीट एवं जेईई के क्षेत्र की अग्रणी शिक्षण संस्थान अचीवर्स क्लासेस की ओर से 29 मई को निःशुल्क स्क०लरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया है। टेस्ट का आयोजन स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में किया जाएगा। स्क०लरशिप टेस्ट 11 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे अपराह्न तक होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अचीवर्स क्लासेस की एक बैठक स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में की गई। इस बैठक में बरही के कई शिक्षाविद भी मौजूद रहे। बैठक में मौजूद अचीवर्स क्लासेस के निदेशक डॉ अरविंद ठाकुर और ई0 अजय ठाकुर ने बताया की स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के सहयोग से बच्चों के बैद्धिक क्षमता के विकास को लेकर स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जांच परीक्षा 11 बजे से बारह बजे तक होगा। परीक्षा का आयोजन स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन में किया जाएगा। स्क०लरशिप टेस्ट में शामिल होने के लिए छात्रों को 29 मई को 9 सुबह बजे पुस्तकालय में पहुंचकर पहले रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा । फॉर्म निःशुल्क मिलेगा । टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी परीक्षार्थियों को एडमिशन एवं शिक्षण कार्य मे विशेष छूट दी जाएगी। संस्थान के दोनो निदेशक ने बताया की जून के प्रथम सप्ताह में बरही में भी इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस संस्थान में ग्यारहवीं, बारहवीं, जे ई मेंस, एडवांस और नीट की तैयारी कराई जाएगी। इस संस्थान से सभी फैकल्टी कोटा और दिल्ली के प्रमुख संस्थान में पढ़ाए हुए है। वहीं कक्षा दसवीं पास छात्रों के लिए संस्थान दो साल के लिए क्लासरुम प्रोग्राम शुरू करेगा। जिसमे ग्यार. हवीं और बारहवीं के साथ जेईई मेंस, एडवांस और नीट की तैयारी कराई जायेगी। संस्थान के हजारीबाग सेंटर से अब तक हजारों छात्र छात्राएं जे ई ई मेंस, एडवांस और नीट में सफल हो चुके हैं। जिसमे बरही के भी सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं शामिल है। पंजीयन के लिए संपर्क सूत्र 1 ई0 अरबिंद ठाकुर मो 9955455935 2 प्रो सुनील कुमार दत्ता मो 8210858100 3 शशि भूषण मो 7004432442 है। पंजीयन के लिए इन वाट्सप नंबर पर अपना नाम स्कूल का नाम, जन्म तिथि एवं कक्षा का नाम लिखकर भेज सकते हैं। पंजीयन 26 मई से ही शुरू कर दिया गया है।

बैठक में अरविंद ठाकुर, अजय ठाकुर, सुनील दत्ता, शशि कुमार, ब्रजेश ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे




APEM LIVE

दिनांक: 26-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर



## प्रथम और द्वितीय चरण के मतदान का परिणाम में गांव की सरकार में महिला प्रत्याशियों ने मारी बाजी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022के प्रथम चरण और द्वितीय चरण के परिणाम आने के बाद अब तक गांव की सरकार बनाने में महिला प्रत्याशियों ने बाजी मारी है। ग्राम पंचायत सदस्य (वार्ड सदस्य), पंचायत समिति सदस्य (सरपंच), मुखिया (ग्राम प्रधान) हो या जिला परिषद सदस्य पद सभी पदों पर महिला प्रत्याशियों ने कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल की है। मतदाताओं ने भी मतदान केंद्रों पर जमकर मतदान किया। महिला प्रत्याशीयों ने अपनी जीत का श्रेय अपने क्षेत्र की जनता को दिया है और मतदाताओं को देवतुलय मानते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी। महिला प्रत्याशियों का कहना है कि हम अपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करुंगी साथ ही शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधा को एक एक जनता तक पहुंचाने का काम करुंगी। महिला प्रत्याशियों का यह भी कहना है कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगी। अब तक की विजई घोषित हुई महिला प्रत्याशियों का उत्साह और मनोबल सातवें आसमान पर है जिससे यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अगर महिलाओं को स्वतंत्र होकर कार्य करने दीया जाय तो वे लोग जो कह रही है संभवतः करके भी दिखा सकती है। भारत एक पुरुष प्रधान समाज का देश माना जाता रहा है। महिलाएं चुनाव आवश्य जीतती है मगर बा. गडोर प्रत्याशी के पति के हा. थों में चला जाता है और इस तरह से महिला प्रत्याशी अगले पांच सालों के लिए सिर्फ कठपुतली बन कर रह जाती है। अगर महिलाएं शिक्षित होती तो कुछ भी संभव था मगर अधिकतर पंचायतों में विजय होकर आनेवाली महिला प्रत्याशी साक्षर मात्र हैं और उन्हें घर के कामकाज के अलावी बहुत सारी चीज़ें नही आती है जैसे किसी अधिकारी से बात करना, कोई आवेदन लिखना, किसी के घरेलू विवाद को न्यायोचित तरीके से सुलझाना, अपने कार्य क्षेत्र में स्वतंत्र होकर घूमना और जनता को सरकार द्धारा संचालित लाभान्वित योजनाओं से जोड़ना जैसे कई अन्य कार्य करने में अपने आप को सक्षम नही पाती है। सरकार बालिका शिक्षा पर सालाना करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाती है मगर शत प्रतिशत लोग अभी भी जागरुक नही हो पाए हैं और यहीं कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधि. कतर महिलाएं साक्षर मात्र होती है।

## पंचायत चुनाव के चतुर्थ चरण के लिए 986 मतदान केंद्रों पर कल होगी मतदान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के मद्देनजर दिनांक 27 मई को चतुर्थ चरण का मतदान प्रारंभ किया जाएगा। चतुर्थ चरण के मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण किया जा रहा है। जिसके तहत बगोदर प्रखण्ड अन्तर्गत 22 पंचायतों के 315 मतदान केन्द्र, डुमरी प्रखण्ड अन्तर्गत 37 पंचायतों के 452 मतदान केन्द्र के अलावा पीरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत 17 पंचायतों के 219 मतदान केन्द्र पर मतदाता अपने मतों का उपयोग करेंगे। सभी प्रखंडों में 76 मुखिया पद, 99 पंचायत समिति पद, 10 जिला परिषद पद एवं 986 वार्ड पार्षद का पद हैं। सभी प्रखंडों में पंचायत चुनाव के सफल संचालन को लेकर जोनल दंडाधिक. ारियों एवं जोनल पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बगोदर प्रखंड के लिए जोनल पदाधिकारी के रूप में श्री सुनील वर्मा, श्री अशोक राम, अंचल अधिकारी, बिरनी एवं श्री रमेश चंद्र तिवारी, अंचल अधिकारी, सरिया, डुमरी प्रखंड में श्री दिलीप कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह, श्री रवि भूषण प्रसाद, अंचल अधिकारी, गिरिडीह, श्री विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गांडेय तथा पीरटांड़ प्रखंड में श्री क्यूं अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेंगाबाद, श्री कृष्ण कुमार मरांडी, अंचल अधिकारी, बेंगाबाद की प्रतिनियुक्ति की गई है। तथा इनके सहयोग हेतु पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा सुपर जोनल दंडाधिकारी के रूप में बगोदर प्रखंड के लिए श्री कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बगोदर सरिया, डुमरी प्रखंड के लिए श्री विशालदीप खलखो, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, पीरटांड़ प्रखंड के लिए श्रीमति प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी की प्रतिनियुक्ति पर की गई है। इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त सुपर जोनल/जोनल दंडा. धिकारियों एवं जोनल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि चुनाव के दिन अपने अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखेंगे एवं अपने क्षेत्र में सेक्टर ऑ. फिसर को आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। ताकि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रुप से मतदान कार्य संपन्न किया जा सकें। साथ ही आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्वाचन संबंधी कार्यों को संपादित करेंगें। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के सफल संचालन को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। भारी संख्या में दंडाधिक. ारियों एवं पुलिस पदाधिक. ारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। तृतीय चरण के निर्वाचन हेतु 2958 एवं अतिरिक्त 10 प्रतिशत कुल 3056 कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी मतदान कर्मियों का मतदान की पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया है। सभी मतदान कर्मियों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई है। तथा



88 सेक्टर ऑफिसर की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी सेक्टरों में सेक्टर दण्डाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। सेक्टर अ०फिसर का दायित्व होगा की वे कलस्टर केन्द्र से अपने से संबंधित मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक पहुँचाएगें एवं अपने से संबंध बूथों के बीच लगातार गतिशील रहेगें एवं किसी भी समस्या का समाधान करेगें। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम 247 कार्यरत हैं। सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था से सम्बंधित किसी प्रकार जानकारी या शिकायत कंट्रोल रूम में कर सकते हैं। इसके अलावा बताया गया कि मतदाताओं को मतदान के समय निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र अपने पास रखना होगा , जो निम्नांकित है रु 1. मतदाता पहचान पत्र 2. निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी प्रमाणिक फोटोयुक्त मतदाता पर्ची , 3 . पा. सपोर्ट , 4 ड्राईविंग लाईसेंस 5 राज्य / केन्द्र सरकार , सार्वजनिक क्षेत्रों उपक्रम , स्थानी निकाय या पब्लिक लिमिटेड कम्पनी द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र , 6. बैंक / डाकघर फोटोयुक्त पास बुक , 7 . आयकर पहचान पत्र ( पैन कार्ड ) 8. आधार कार्ड 9 राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर ( एनपीआर ) 10. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जारी फोटोयुक्त जॉब कार्ड। गौरतलब है कि बगोदर प्रखंड के 315 मतदान केंद्रों पर 1,13,808 मतदाता, डुमरी प्रखंड के 452 मतदान केंद्रों पर 1,59,052 मतदाता एवं पीरटांड़ प्रखंड के 219 मतदान केंद्रों पर 76,663 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जागरूकता मतदाता का परिचय देते हुए अपने मताधिकार का उपयोग

## पचम्बा कोड़रीटोला में माले का महिला संगठन का बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला की उपनगरी पचंबा में आज गुरुवार को पचंम्बा के वार्ड नंबर 03 स्थित कोइरीटोला में ऐपवा जो माले का महिला संगठन है उसकी बैठक हुई,दर्जनों महिला ने आगे बढ़कर साथ दिया,महिलाओं की समस्या डायरेक्ट ऐपवा के जरिये उठाया जाएगा। अगुवाई ऐपवा नेत्री सह माले नेत्री प्रिती भाष्कर कर रही थी,शहरी इलाके मे हरेक वार्ड में माले, ऐपवा के साथ सभी विंग पर काम चल रहा है। माले नेत्री प्रीति भाष्कर ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में कई राजनी. तिक पार्टी महिलाओ का विंग बनाकर बड़े बड़े नेता जब आते है तो भीड़ बना कर ले जाते है किन्तु उनके हक अधिकार की बात नहीं करते उसपर कोई बड़ा कार्य नहीं करते। ऐपवा संगठन महिलाओ की समस्या को,जनमुद्दा बनाकर बड़ी तेजी से गिरिडीह के लुटेरे अफसर व लुटेरे प्रतिनिधि से सवाल करेगी,गिरिडीह में सभी महिलाएं जल्द से जल्द माले का महिला संगठन को जॉइन करें। आज एडहॉक कमिटी बनाई गई है जिसका अध्यक्ष पम्पी वर्मा को बनाया गया है,संजू देवी,लक्ष्मी शर्मा,किरण देवी,रूबी देवी,नीरू देवी,माधुरी देवी,बसंती देवी अनिता देवी आदि उपस्थित है। बैठक में माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी भी मौजूद थे उन्होंने कहा कि 36 वार्ड में जल्द नगर निगम का चुनाव आने वाला है जिसमें 18 महिला नेत्री और 18 पुरुष को नगर. निगम में लड़ाया जाएगा,उसी की तैयारी है,जल्द पूरे विधानसभा में संगठन बनाने की प्रक्रिया तेज हो रही है,जो जनता का निस्वार्थ कार्य करना चाहते है,आगे बढ़कर साथ चले,माले नेता निशान्त भाष्कर ने कहा कि पूरे परसाटांड़ पंचायत में 500 महिलाओ और पुरुषों का संगठन होगा।

## बेलादोहर में ग्रामीणों ने किया नव निर्वाचित जीप सदस्य का स्वागत एवं सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पूर्वी भाग के जिला परिषद ने नव निर्वाचित जीप सदस्य किशुन यादव के सम्मान में उनके पैतृक गांव बेलादोहर में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जि. बलाल यादव ने किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित जीप सदस्य किशुन यादव को जीत की बधाई देते हुए अंग वस्त्र के साथ स्वागत एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किशुन यादव ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मैं जीप सदस्य निर्वाचित हुआ हूँ। आपकी सेवा के लिए हमेशा ततपर रहूंगा। हर उस समस्या के समाधान के लिए प्रयास करूंगा जो जनहित से जुड़ा हो। जल्द ही ग्राम भ्रमण कर समस्याओं को सूचिबद्ध कर उसे क्रियान्वित करने का काम करूंगा। स्वागत कार्यक्रम में मौके पर जि. बलाल यादव, इंदो महतो,मोहन यादव, रामचंद्र यादव,राजेन्द्र यादव,अर्जुन यादव,जानकी यादव,बिनोद यादव,राजेश यादव , केदारनाथ यादव,रामु यादव, बाबूलाल पासवान,तुलसी यादव,बद्री यादव, लेखो महतो, सहदेव महतो, संदीप, सोनू,रोहित, आशीष, रंजीत एवं कई लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 26-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 03

## बड़कागांव में पंचायत चुनाव कल, 1 लाख 2999 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग

### मतदाता सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 3:00 बजे तक मतदान कर सकते हैं

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड में आज 27 मई को पंचायत चुनाव कराया जाएगा जिसकी तैयारी निर्वाचन आयोग के द्वारा पूरी कर ली गई है। प्रखंड में वार्ड के हिसाब से कूल 274 बूथ के अलावा 13 कलस्टर बनाए गए हैं। चुनाव कार्य में 46 सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा लगभग 2000 चुनाव कर्मी लगाए गए हैं। लगभग सभी चुनाव कर्मी बैलट ब०क्स और मतदान पर्ची के साथ अपने-अपने क्लस्टर में उपस्थिति दर्ज कराएं हैं। प्रखंड में 23 पंचायत में 23 मुखिया पद के लिए 160 प्रत्याशी, 27 पंचायत समिति सदस्य के लिए लगभग 100 प्रत्याशी, बड़कागांव पश्चिमी ,बड़कागांव मध्य , बड़कागांव पूर्वी कुल 3 जिला परिषद क्षेत्र के लिए 23 प्रत्याशी एवं 170 वार्ड सदस्य पद के लिए 425 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रखंड के 1,02, 999 मतदाता प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला आज 27 मई को करेंगे। 104 वार्ड सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र में 12 प्रत्याशी , बड़कागांव मध्य जिला परिषद क्षेत्र में 6 प्रत्याशी एवं पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र में 5 प्रत्याशी मैदान में है। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तमाम बूथों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

**बुथ कलस्टर एवं बुथ का किया गया निरीक्षण।**

निर्वाचि पदाधिकारी प्रभात भूषण सिंह, जितेंद्र कुमार पांडे , एसडीपीओ अमित कुमार सिंह ,इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ,थाना प्रभारी विनोद तिर्की , एस आई बिरेंद्र उराँव ,चनेश्वर किस्कु, रवि रंजन ,भास्कर राज के अलावा अन्य अधिकारियों ने बुथ एवं बुथ कलस्टर का निरीक्षण किया।

## चुनाव जीत माता के दरबार पहुँची डेबो मुखिया सरिता देवी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

डेबो पंचायत से नवनिर्वाचित मुखीया सरिता देवी गुरुवार को अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ माँ भद्रकाली मन्दिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। कहा माता का आशीर्वाद सदैव मेरे परिवार पर बना रहता है। कहा माँ भद्रकाली का दर्शन कर पूरे पंचायत के लोगों के लिए अमन चौन और खुशहाली की कामना किया। इस दौरान पंचायत डेबो के



निर्वतमान मुखीया सह नवनिर्वाचित मुखिया सरिता

देवी के पति मोहन साव व उनके बच्चो ने भी माता भद्रकाली की पूजा अर्चना की। मुखिया के साथ नव. निर्वाचित वार्ड सदस्य प्रमिला देवी , भरत कुमार शर्मा व अन्य सदस्य भी थे। बतादें कि पंचायत डेबो की वर्तमान मुखिया सरिता देवी ने अपने प्रतिद्वंद्वी माधुरी देवी को भारी मतों से पराजित कर अपने पति के सीट को बरकरार रखी। सरिता देवी ने अपने प्रतिद्वंद्वी माधुरी देवी को 1102 मतों के भारी अंतर से हराई।

## पुलिस प्रशासान के सूझबूझ से मदगड़ा में दो पक्षों के बीच हुए विवाद से होने वाली बड़ी घटना टला

### एस डी पी ओ अविनाश कुमार पहुंचे घटना स्थल

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :-राजपुर थाना क्षेत्र के मदगड़ा गांव में बाइक दुर्घटना को लेकर उपजे विवाद के बाद दो पक्षो में आंशिक झड़प हो गया ।जिसके बाद इसकी जानकारी राजपुर थाना को दी गई ।सूचना मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे,और दोनो पक्षो के तनाव को शांत कराया ।हालांकि आंशिक झड़प के बाद दोनो ओर से राजपूर थाना में आवेदन दिया गया है ।सू. चना पाकर एस डी पी ओ अविनाश कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लिए। अविनाश कुमार ने कहा कि दोनों पक्षो से लगभग आधा दर्जन से ज्यादा लोगो पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है ।दोनो पक्षों पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।श्री कुमार ने कहा कि किसी को समाज मे हुड़दंग करने की परमिशन नहीं है और यदि कोई समाज को तोड़ना चाहेगा पुलिस उसे नहीं छोड़ेगी।

**क्या है मामला** :- गुरुवार की सुबह एक समुदाय के कुछ युवक तेज गति से बाइक चलाते हुए मदगड़ा से हरहद की ओर जा रहा था,मदगड़ा मध्य विद्यालय के समीप एक स्कूल के शिक्षक को हल्का टक्कर मारते हुए भाग रहे थे जिसे लेकर ही विवाद उपजा ।हालांकि मदगड़ा में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ।मौके पर जिला से भी पुलिस बल की तैनाती की गई है ।मौके पर राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ,विजय सिंह,के अलावा जिला बल के जवान मौजूद थे।

## चौथे और अंतिम चरण के पंचायत चुनाव का मतदान आज,सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी

### सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक होगा मतदान, सिमरिया,टंडवा और पत्थलगड़ा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर होगा मतदान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा/कान्हाचट्टी :- पंचायत चुनाव के चौथे और अंतिम चरण के लिए कल सुबह 7रू00 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। इसको लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की है। गौरतलब है कि चतरा जिला के टंडवा, सिमरिया एवं पत्थलगड़ा प्रखंड में गांव की सरकार बनाने को लेकर मतदान होना है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी पोलिंग पार्टी एवं मतदान कर्मियों को तीनों प्रखंड के विभिन्न क्लस्टर तक पहुंचा दिया गया है और सुबह 7रू00 बजे तक से मतदान शुरू हो जाएगा ।गौरतलब है कि टंडवा प्रखंड में जिला परिषद के 3 पद जबकि सिमरिया प्रखंड में जिला परिषद के 2 पद और पथलगड्डा प्रखंड में जिला परिषद के 1 पद के लिए मतदान होना है। इसके अलावा सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य का भी मतदान होगा। स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किया है सभी मतदान केंद्रों पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की तैनाती की गई है ।इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वायड टीम और जिले के वरीय अधिकारी भी मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे ।मतदान को लेकर लोगों में जागरूकता अभियान भी चलाए जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया था। पिछले तीन चरण का चुनाव जिला प्रशासन के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से करा लिया गया है अब चौ. थे और अंतिम चरण के पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

